This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार, 25 जून, 2025 / 04 आषाढ़, 1947

### हिमाचल प्रदेश सरकार

**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 24 जून, 2025

**संख्या टीएसएम–एफ(10)–10 / 2003–V–लूज.**––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश पर्यटन के विकास और पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 (2024 का अधिनियम संख्या 2) की उप–धारा (2) द्वारा

प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 25 जून, 2025 को ऐसी तारीख नियत करते हैं, जिसको पूर्वोक्त अधिनियम के उपबन्ध प्रवृत्त होंगे।

आदेश द्वारा,

देवेश कुमार,
प्रधान सचिव (पर्यटन एवं ना0उ0)।

————————

*[Authoritative English text of this Department Notification No. TSM-F(10)-10/2003-VI-L, dated 24th June, 2025 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].*

**TOURISM & CIVIL AVIATION DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 24th June, 2025*

**No. TSM- F(10)-10/2003-V-L.**—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of the Himachal Pradesh Tourism Development and Registration (Amendment) Act, 2023 (Act No. 2 of 2024), the Governor, Himachal Pradesh is pleased to appoint the 25th June, 2025 as the date on which the provisions of Act *ibid* shall come into force.

By order,

DEVESH KUMAR,
*Pr. Secretary (Tourism & CA).*

————————

**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 25 जून, 2025

**संख्या : टीएसएम–एफ(10)–10 / 2003–VI.**—हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्याक 15) की धारा 64 की उप–धारा (2)के खंड (ड)के अधीन यथापेक्षित के अनुसार प्रारूप हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम 2025 जनसाधारण से आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करने के लिए इस विभाग की अधिसूचना संख्या टीएसएम–एफ (10)–10 / 2003–V–लूज, तारीख 14–02–2025 द्वारा अधिसूचित और राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में 17–02–2025 को प्रकाशित किए गए थे;

और नियत अवधि के दौरान इस निमित निदेशक, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन के माध्यम से जन–साधारण से सुझाव प्राप्त हुए हैं और जिन पर सम्यक् रूप से विचार किया गया तथा प्रारूप नियमों में मिला दिया गया;

अतः हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 64 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त अधिनियम के प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:——

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ** .–(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश होमस्टे नियम, 2025 है।

(2) इन नियमों का विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर होगा

(3) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे

2. **परिभाषाएं.**——(1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो.——

(क) 'अधिनियम' से, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम सख्यांक 15) अभिप्रेत है;

(ख) 'उपाबंध' से, इन नियमों से संलग्न उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) 'वास सुविधा' से, संलग्न प्रसाधन के साथ उचित प्रकार से सुसज्जित और पर्यटकों / अतिथियों को किराये पर देने के लिए तैयार न्यूनतम मानक आकार वाली कक्ष की वास सुविधा अभिप्रेत है। दोहरे और एकल शयन कक्ष वास सुविधा के लिए न्यूनतम मानक आकार क्रमशः 120 वर्ग फुट और 100 वर्ग फुट और स्नानागार / प्रसाधन के लिए 30 वर्ग फुट होगा। पहले से सन्निर्मित निवास इकाई में स्नान कक्ष / प्रसाधन के लिए 25 वर्ग फुट और दोहरे तथा एकल शयन कक्ष वास सुविधा के लिए मानक आकार क्रमशः 100 वर्ग फुट और 80 वर्ग फुट है।

(घ) 'वास्तविक हिमाचली' से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके पास हिमाचल प्रदेश में स्थायी गृह है, इसके अन्तर्गत ऐसा व्यक्ति भी है जो हिमाचल प्रदेश में कम से कम बीस वर्ष की अवधि से निवास कर रहा है या ऐसा व्यक्ति जिसका हिमाचल प्रदेश स्थायी घर है, किन्तु अपने व्यवसाय के कारण वह हिमाचल प्रदेश से बाहर रह रहा है;

(ङ) 'होम स्टे के प्रवर्ग' से निम्नलिखित रूप में होम स्टे के तीन प्रवर्ग अभिप्रेत हैं:

(i) डायमंड प्रवर्ग (प्रति कमरा दरें, प्रतिदिन 10,000 / — रुपये से अधिक कमरे की दरें)
(ii) 'गोल्ड प्रवर्ग' (प्रति कमरा दरें, प्रतिदिन 3,000 / — रुपये से 10,000 / — के बीच) और;
(iii) 'सिल्वर प्रवर्ग' (प्रति कमरा दरें, प्रतिदिन 3,000 / — रुपये से कम)।

(च) 'सामान्य क्षेत्र' से——

(i) भवनों का एक ही प्रवेश और निकास द्वार, सीढ़ियां, लिफ्ट, लिफ्ट लॉबिज़, अग्नि बचाव के रास्ते;
(ii) सामान्य आधारक, टैरेस, पार्क, क्रीड़ा–क्षेत्र, खुली पार्किंग और सामान्य भण्डारण स्थान;
(iii) सम्पत्ति के प्रबन्धन के लिए नियोजित कर्मचारिवृन्द के ठहरने की वास सुविधा सहित परिसर;
(iv) एक ही उपयोग के लिए सम्पत्ति का अन्य भाग अभिप्रेत है;

(छ) 'प्ररूप' से, इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ज) 'स्वामी' से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो (हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा 4 की उप–धारा (5) के अधीन यथा परिभाषित संपदा) सम्बद्ध संपदा के अधिकार–अभिलेख में स्वामित्व के रूप में अभिलिखित है;

(झ) 'योजना क्षेत्र' से, हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना अधिनियम, 1977 की धारा 2(ण) के अधीन योजना क्षेत्र घोषित किए जाने वाला कोई क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ञ) 'संपत्ति' से भूमि, भवन उस पर किए गए सभी सुधार और उस पर की गई संरचनाएं, उससे संबंधित सुखाचार, अधिकार उपकरण अभिप्रेत है इसके अन्तर्गत भूमि के प्रत्येक प्रकार के अधिकार या हित सम्मिलित हैं जो किसी व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों के अपवर्जन से प्राप्त हो सकता है जैसे कि कब्जा, उपयोग, हस्तक्षेप से मुक्त उपयोग, बेदखली, सत्ताधिकार और वंशानुगत का अधिकार आदि है;

(ट) 'ग्रामीण क्षेत्र' से, नीचे गए नियम 2 के उप नियम (1) के खण्ड (ड) के क्षेत्रों से भिन्न क्षेत्र अभिप्रेत है;

(ठ) 'विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण' से, हिमाचल प्रदेश नगर और ग्राम योजना, 1977 की धारा 67 के अधीन गठित प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(ड) 'शहरी क्षेत्रों' से नगर निगम / नगरपालिका परिषद् / नगर पंचायत के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र से अर्थ है जो हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए जाए और वो क्षेत्र जो हिमाचल प्रदेश राज्य के राष्ट्रीय राजमार्गों / चार लेन राजमार्गों की नियंत्रित चौड़ाई के किनारे के 50 मीटर के भीतर आते हों।

(2) शब्दों और पदों जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु इन नियमों में परिभाषित नहीं हैं, के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में हैं।

3. **होमस्टे की स्थापना की प्रक्रिया और रजिस्टर.**––(1)(i) राज्य में अवस्थित निजी गृह, जो जर्जर हालत में नहीं है, का कोई भी स्वामी, होम–स्टे के रजिस्ट्रीकरण के लिए जो **उपाबंध–I** में विहित प्रपत्र में ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रीकरण, उसके तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन होम–स्टे इकाई के रजिस्ट्रीकरण के लिए विहित प्राधिकारी, जिसकी अधिकारिता में उक्त क्षेत्र आता है, ऑनलाईन आवेदन कर सकेगा :––

(ii) विहित प्राधिकारी ऐसी होम–स्टे इकाइयों का रजिस्ट्रीकृत करने से पूर्व स्थल निरीक्षण के माध्यम से अवस्थान, प्रसुविधाओं, आसपास का वातावरण, स्वच्छता, सफाई, प्रतिभूति, वास्तुशिल्प, बनावट और पर्यटकों की सुरक्षा और प्रतिभूति सुनिश्चित करेगा;

(iii) होमस्टे में राज्य के शहरी / ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित ऐसा कोई निजी गृह सम्मिलित होगा जो अच्छी स्थिति में हो और वहां पर सुगमता से पहुंचा जा सके, जोकि फार्म हाउस, बाग बगीचे और चाय बागान इत्यादि और शहरी क्षेत्रों की स्थिति में स्थानीय प्राधिकरण की अधिकारिता में पृथक गृह इत्यादि भी सम्मिलित होंगे;

(iv) स्वामी होमस्टे इकाई की सूचना शहरी / ग्रामीण स्थानीय निकाय को प्रदान करेगा और स्थानीय निकाय अपने अधिकार क्षेत्र में रजिस्ट्रीकृत होमस्टे इकाई का रजिस्टर बनाए रखेगा; और

(v) कोई गृह संलग्न शौचालय की सुविधा सहित अधिकतम छह कक्षों, छह दोहरे शयन, (डबल बेडों) / बारह एकल शयन (सिंगल बेड) के अध्यधीन एक या एक से अधिक कक्षों की न्यूनतम वास–सुविधा की अपेक्षा की पूर्ति करेगा, जिन्हें होमस्टे आवास के रूप में अतिथियों को उपलब्ध करवाया जाएगा:

परन्तु जहां संलग्न शौचालय सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाई के रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रत्येक कमरे के लिए अलग शौचालय की सुविधा अनुज्ञात की जाएगी; होमस्टे आवास और चार बैड वाले कुटुम्ब सूट को अधिकतम 3 कुटुम्ब सूट के अध्यधीन अनुज्ञात किया जाएगा। किसी भी दशा में होमस्टे में बिस्तरों की क्षमता 12 एकल बैड को पार नहीं करेगी।

(2) जिला पर्यटन विकास अधिकारी / सहायक पर्यटन विकास अधिकारी (विहित प्राधिकारी) या निरीक्षक (होटल) या कोई अन्य कर्मचारी जिसे होमस्टे इकाइयों के निरीक्षण की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई

हैं, प्रस्तावित किए जा रहे परिसर का निरीक्षण करेगा और उस समय उपयुक्त पाए जाने की स्थिति में होम स्टे इकाई का रजिस्ट्रीकरण और समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति के अध्यधीन होने की स्थिति में, विहित प्राधिकारी होम स्टे इकाई को रजिस्टर करेगा।

(3) होमस्टे का संचालन करने वाला कोई भी व्यक्ति, यदि होम–स्टे के रूप में प्रस्तुत किए जाने वाले कक्षों की संख्या में कोई परिवर्तन करने का प्रयोजन रखता है तो उसे ऐसा करने से पूर्व विहित प्राधिकारी को सूचित करना होगा और ऐसी इकाई को इन नियमों के नियम 5 के अधीन नये सिरे से रजिस्ट्रीकृत करना अपेक्षित होगा।

(4) उप–नियम (1) के अधीन किए गए प्रत्येक आवेदन का निष्पादन आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 60 दिन की अवधि के भीतर किया जाएगा। ऐसा न होने पर आवेदन को रजिस्ट्रीकरण के लिए स्वीकृत समझा जाएगा।

परन्तु यहां रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन सभी पहलुओं में पूर्ण है और इसमें विहित नियमों के अधीन अर्हित होगा। वह समय अवधि जिसके दौरान रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है। विहित प्राधिकारी द्वारा अवलोकन करने या आवेदक द्वारा इसे हटाने के लिए और अपरिहार्य परिस्थितियां आदि के कारण 60 दिनों से अपवर्जित रखा जाएगा।

(5) होम स्टे इकाई का संचालन कोई भी व्यक्ति तब तक नहीं करेगा, जब तक इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार यह रजिस्ट्रीकृत न हो।

(6)(i) अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट स्थापना / अतुल्य भारत होमस्टे स्थापना स्कीम, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार या हिमाचल प्रदेश होमस्टे स्कीम 2008 के अधीन पहले से रजिस्ट्रीकृत और क्रियाशील पर्यटन इकाइयां विहित प्राधिकारी को इन नियमों के राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश से 30 दिन के भीतर आवेदन करेगी, जिसके अधिकार क्षेत्र के अधीन क्षेत्र ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से विहित प्रोफार्मा (उपाबंध–I) में आता है और विहित प्राधिकारी ऐसे होमस्टे को इस अवधि के लिए कोई रजिस्ट्रीकरण शुल्क लगाए बिना विद्यमान रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति की तारीख तक रजिस्टर करेगा।

(ii) अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट स्थापना / अतुल्य भारत होमस्टे स्थापना या हिमाचल प्रदेश होमस्टे स्कीम 2008 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई भी पर्यटन इकाई इन नियमों के अधीन सम्यक् रजिस्ट्रीकरण के बिना और कृत्य नहीं करेगीः

परन्तु होम स्टे इकाई के रजिस्ट्रीकरण केवल स्वामी {नियम 2 (ज) में यथा परिभाषित 'स्वामी'} के लिए किया जाएगा; और 'वास्तविक हिमाचली' {नियम 2(घ) में यथापरिभाषित 'वास्तविक हिमाचली' को अधिमान दिया जाएगा}ः

परन्तु यह और कि यदि आवेदक द्वारा कमरों / प्रसुविधाओं आदि को बढ़ाने सहित कोई भी परिवर्तन किया जाता है, तो ऐसे मामले में होमस्टे को इन नियमों के नियम–5 के अधीन (नये सिरे से) रजिस्ट्रीकृत किया जाना आवश्यक होगा।

**4. रजिस्ट्रीकरण के आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज.**——होमस्टे इकाई संचालित करने के लिए आशयित व्यक्ति द्वारा नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन, इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण फीस के साथ **उपाबंध–2** में यथा विनिर्दिष्ट आवश्यक दस्तावेजों के साथ विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।

**5. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करना.**——(1) विहित प्राधिकारी या तो स्वयं या उसके द्वारा इस निमित प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से, विनिर्दिष्ट शुल्क के साथ होमस्टे के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, इसकी प्राप्ति के 60 दिन के भीतर आवेदन की जांच करेगा और इसके सही पाए जाने पर यह आवेदन की विषय–वस्तु को संबंधित रजिस्टर में दर्ज करेगा और प्ररूप–क में इन नियमों के अधीन

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करने की तारीख से या तो एक वर्ष या तीन वर्ष के लिए विधिमान्य रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र जारी करेगाः

परन्तु इन नियमों के प्रारम्भ होने पर केन्द्र या राज्य सरकार की किसी भी स्कीम के अधीन पहले से रजिस्ट्रीकृत और क्रियाशील पर्यटन इकाइयों के मामले में, विहित प्राधिकारी प्ररूप क–I में इन नियमों के अधीन कोई रजिस्ट्रीकरण फीस उद्‌गहीत किए बिना विद्यमान रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति की तारीख तक विधिमान्य रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करेगा।

(2) विहित प्राधिकारी ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से होमस्टे के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पर कार्यवाही करेगा और ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से उनके आवेदनों का उत्तर भी देगा और यदि इन नियमों के अधीन आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हों तो होमस्टे का रजिस्ट्रीकरण भी करेगा।

(3) आवेदक को रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करते समय विहित प्राधिकारी के समक्ष इन नियमों के नियम–7(1) के अधीन **उपाबंध–III** में जांच सूची के अनुसार विस्तृत निरीक्षण करके विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण फीस ऑनलाइन जमा करना होगा।

**6. होमस्टे के रजिस्ट्रीकरण का नवीनीकरण.**——(1) इन नियमों के अधीन प्रत्येक होमस्टे स्वामी को ई–सेवा पोर्टल के माध्यम से प्ररूप–ख में रजिस्ट्रीकरण, प्रमाण पत्र / नवीकरण प्रमाणपत्र के जारी होने की तारीख से प्रत्येक 1 वर्ष या 3 वर्ष के पश्चात् अपना रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र नवीनीकरण करना होगा। वे नियम –7(1) के अधीन यथाविनिर्दिष्ट फीस के साथ नवीनीकरण हेतु विहित प्राधिकारी को पुराना रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र / पुराना नवीनीकरण रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे।

(2) सरकार समय–समय पर होमस्टे वर्गीकरण, ऑनलाईन रेटिंग और विभिन्न प्लेटफार्मों पर समीक्षाओं आदि से संबंधित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए और इस तरह के नवीनीकरण प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जारी कर सकेगी।

**7. रजिस्ट्रीकरण फीस.**——(1) होमस्टे के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पत्र के साथ, यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण / नवीनीकरण फीस, जैसा कि नीचेविस्तृत दिया गया हैः——

| क्रम संख्या | प्रवर्ग / कमरे की दरें | एमसी सीमा में प्रतिवर्ष रजिस्ट्रीकरण फीस | टीसीपी / एसएडीए / एनपी / नगर पंचायत सीमा में प्रतिवर्ष रजिस्ट्रीकरण फीस | ग्राम पंचायत सीमा में प्रतिवर्ष रजिस्ट्रीकरण फीस | नवीनीकरण फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डायमंड कमरे की दरें (प्रत्येक कमरा) प्रतिदिन 10,000 / – रुपये से अधिक। | 18,000 / – रुपये | 12,000 / – रुपये | 10,000 / – रुपये | रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में वही। |
| 2. | गोल्ड कमरे की दरें (प्रत्येक कमरा) प्रतिदिन 3,000 / – रुपये से 10,000 के बीच। | 12,000 / – रुपये | 8,000 / – रुपये | 6,000 / – रुपये | –यथोपरि– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | सिल्वर कमरे की दरें (प्रत्येक कमरा) प्रतिदिन 3,000/— रुपये से कम। | 8,000/— रुपये | 5,000/— रुपये | 3,000/— रुपये | —यथोपरि— |

(2) रजिस्ट्रीकरण/नवीनीकरण एक वर्ष या तीन वर्ष के लिए किया जा सकेगा यदि तीन वर्ष का रजिस्ट्रीकरण फीस एकमुश्त जमा किया जा सकता है तो लागू फीस पर 10 प्रतिशत् की छूट दी जाएगी।

(3) होमस्टे इकाइयों के रजिस्ट्रीकरण के लिए महिला स्वामी को नियम 7 (2) के अनुसार लागू छूट के अतिरिक्त 5 प्रतिशत् की छूट प्रदान की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए जिसमें स्वामी नियम 2 (ज) में यथा परिभाषित किया जाएगा।

(4) जिला चम्बा के पांगी उपमण्डल में होमस्टे के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस संपूर्ण हिमाचल के लिए निहित रजिस्ट्रीकरण फीस का 50 प्रतिशत् निहित की जानी है।

8. **होमस्टे स्वामियों के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व.**——(1) प्रत्येक होमस्टे इकाई के स्वामी को, इकाई को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के साथ रजिस्ट्रीकृत करवाना होगा। तथापि, स्वामी के लिए होमस्टे में निवास करना आज्ञापक नहीं होगा।

(2) अतुल्य भारत बेड एंड ब्रेकफास्ट स्थापना/अतुल्य भारत होमस्टे स्थापना स्कीम, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार या हिमाचल प्रदेश होमस्टे स्कीम 2008 के अधीन, यथास्थिति, पहले से रजिस्ट्रीकृत और क्रियाशील पर्यटन इकाइयां इन नियमों के प्रारम्भ होने की तारीख से 30 दिन की अवधि के भीतर रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करेगीः

परन्तु कि ऐसे होमस्टे को इन नियमों के प्रारम्भ होने से 90 दिन की अवधि के भीतर इन नियमों के अधीन यथाविहित अपेक्षाओं को पूर्ण करना होगा। परन्तु यह और कि इन नियमों के अधीन विहित आवश्यक्ता की पूर्ति न होने पर पर्यटन इकाई/होमस्टे का रद्दकरण हो जाएगा।

(3) होमस्टे इकाई का स्वामी इन नियमों के अधीन **उपाबंध—III** में यथावर्णित स्वच्छता, शुचिता, गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ आदि के न्यूनतम मानकों को बनाए रखेगा।

(4) स्वामी ऐसी दरें जैसी उचित हों किन्तु जो अत्यधिक नहीं होंगी प्रभारित कर सकेगाः

परन्तु दरों के नियमइकाई के मानकों, उसकी अवस्थिति/दृश्य, खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, आवास और सेवाओं के अनुरूप होंगी, जो होमस्टे इकाई के स्वामी द्वारा 'सीजन' और ''ऑफ—सीजन'' अवधि के दौरान वहां रहने वाले व्यक्ति से प्रभारित किया जा सकेगा।

(5) स्वामी को पर्यटकों को कमरे किराये पर देने के लिए विहित प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से सत्यापित एक रजिस्टर बनाए रखेगा, जिसका निरीक्षण विहित प्राधिकारी या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा किसी भी समय किया जा सकेगा। रजिस्टर का प्रारूप वही होगा जो हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और ट्रेड के रजिस्ट्रीकरण नियम, 2012 के नियम 13 (2)(क)(II) से (V) के उपाबंध के अनुसार होगा।

(6) स्वामी को पर्यटकों को मुहर सहित बिल जारी करने के लिए विहित प्राधिकारी द्वारा सम्यक् रूप से सत्यापित बिल बुक रखना होगा और होमस्टे स्वामी को अतिथियों को भुगतान की सुविधा देना भी अपेक्षित होगा।

(7) स्वामी को पर्यटकों की सूचना के लिए होमस्टे इकाई के काऊंटर पर विभाग द्वारा अनुमोदित रजिस्ट्रीकरण/नवीनीकरण प्रमाणपत्र प्रदर्शित करना होगा।

(8) सभी होमस्टे इकाई धारक 'विदेशियों का रजिस्ट्रीकरण नियम, 1992' और 'विदेशियों (पुलिस को रिपोर्ट) आदेश, 1971' के नियम 14(6) के अधीन प्ररूप–ग में प्रेषित करेंगे जैसा कि विदेशी पर्यटकों को ठहराने वाले होटलों द्वारा किया जाता है।

(9) होमस्टे स्वामी, होमस्टे इकाइयों में बुनियादी अग्निशमन उपस्कर उपलब्ध करवाएंगे

(10) होमस्टे स्वामी होमस्टे इकाइयों में वर्षा जलसंचयन प्रणाली की व्यवस्था करने के लिए प्रयास करेंगे।

(11) होमस्टे स्वामी होमस्टे इकाइयों में हिमाचली हस्तशिल्प और हिमाचली वास्तुकला को बढ़ावा देंगे

(12) होमस्टे स्वामी यह सुनिश्चित करेंगे कि सुरक्षित और स्वच्छ भोजन परोसा जाए और हिमाचली व्यंजनों के प्रचार के लिए प्रयास करेंगे।

(13) होमस्टे स्वामी होमस्टे इकाइयों के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी संदाय सुनिश्चित करेंगे

(14) होमस्टे स्वामी होमस्टे इकाइयों के सांझा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों को प्रतिष्ठापित करेंगे

9. **प्रवेश और निरीक्षण की शक्ति.**––(1) विहित प्राधिकारी या सरकार द्वारा प्राधिकृत कोई भी अधिकारी, यह सुनिश्चित करने के आशय से कि इन नियमों के किसी उपबंध को होमस्टे का स्वामी या संचालक द्वारा लागू नहीं किया जा रहा है, यथास्थिति, होमस्टे इकाई में प्रवेश करना या व्यवसायिक परिसर और सभी लेखों, रजिस्टरों, दस्तावेजों और पूर्वसूचना से या सूचना के बिना अन्य पुस्तकों का, होमस्टे में रहने वाले स्वामी (स्वामित्वों) परिवार या गृह के अतिथि की निजता अधिकारों को छेड़े बिना निरीक्षण कर सकेगा।

(2) यदि विहित प्राधिकारी या सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी के पास यह संशय का कारण है कि कोई भी होमस्टे इकाई का, यथास्थिति, स्वामी का संचालक, यदि इन नियमों के किसी उपबंध के अपवचन का प्रयास कर रहा है, तो ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, ऐसे लेखों, रजिस्टरों, दस्तावेजों या अन्य पुस्तकों जो आवश्यक हों, को जब्त कर सकेंगे और रसीद प्रदान करेंगे तथा उसे तब तक अपने पास रखेंगे जब तक उसकी जांच के लिए या इन नियमों के अधीन किसी कार्यवाही के प्रयोजन के लिए आवश्यक हों।

10. **प्रोत्साहन / छूट.**––डायमंड और गोल्ड प्रवर्ग के होमस्टे से बिजली और जल की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक दरें ली जाएंगी और सिल्वर प्रवर्ग के होमस्टे से घरेलू दरें ली जाएंगी। परन्तु राज्य सरकार समय–समय पर इन प्रोत्साहनों / छूटों को संशोधित कर सकती है।

11. **अन्य विधियों के लागू होने पर वर्जन नहीं.**––(1) इन नियमों के उपबंध, किसी भी अन्य प्रवृत्त अधिनियम या नियमों के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके अल्पीकरण में होंगे।

(2) इन नियमों के उल्लंघन में होमस्टे संचालन करने वाला कोई भी व्यक्ति समय–समय पर संशोधित हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 के सुसंगत उपबंधों और किसी भी अन्य प्रवृत्त विधियों या नियमों के अधीन दांडिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होगा।

12. **सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण.**––इन नियमों के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही किसी समुचित प्राधिकारी या अधिकारी या अन्य कर्मचारी के विरुद्ध न होगी।

13. **निरसन और व्यावृत्ति.**––(1) हिमाचल प्रदेश होमस्टे स्कीम, 2008 को एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, हिमाचल प्रदेश होमस्टे स्कीम, 2008 के अधीन की गई कोई बात या कार्यवाही, जारी की गई अधिसूचना / आदेश जारी किया गया नोटिस / किया गया आवेदन इन नियमों के उपबंधों से संगत होने की सीमा तक इस प्रकार प्रभावी होगा मानो वह इस स्कीम के अधीन विधिमान्य रूप से किया गया या की गई हो।

**14. कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति.**——यदि इन नियमों के उपबंधों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो राज्य सरकार ऐसे आदेश द्वारा इन्हें राजपत्र में प्रकाशित इन नियमों के उपबंधों से असंगत न हों, जोकि कठिनाई को दूर करने के लिए आवश्यक प्रतीत हो सकता है परन्तु ऐसा कोई आदेश इन नियमों के प्रारम्भ से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नहीं किया जाएगा।

आदेश द्वारा,

(देवेश कुमार),
प्रधान सचिव, (पर्यटन एवं ना0उ0)।

——————————

**उपाबंध –1**
**(नियम–3(1) देखें)**

**होमस्टे रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पत्र**

| क्रम संख्या | ब्यौरे / विशिष्टियां | आवेदक द्वारा भरा जाने वाला सुसंगत ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1. | **प्रस्तावित इकाई का नामः** | |
| 2. | **होमस्टे इकाई के स्वामियों / संप्रवर्तकों का नाम और पताः** | |
| 3. | **होमस्टे स्थापना का पूर्ण डाकपताः–**<br>क. टेलीफोन नम्बर<br>ख. फैक्स<br>ग. ई–मेल<br>घ. मोबाइल नम्बर | |
| 4. | **होमस्टे प्रतिष्ठान की निम्नलिखित से किलोमीटर में निकटतम दूरीः**<br>क. हवाई अड्डा<br>ख. रेलवे स्टेशन<br>ग. नगर के केन्द्र<br>घ. मुख्य शौपिंग केन्द्र<br>ड़ बस स्टैंड / अनुसूचित नगर बस स्टॉप | |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | **चाहे विद्यमान होमस्टे में शौचालय सुविधा के साथ नये कमरे जोड़ना हो या पूर्णतया नई परियोजनाः** | |
| 6. | **होमस्टे इकाई के ब्यौरेः** | |
| | क. स्वामित्व / पट्टे के नाम सहित क्षेत्र (वर्गमीटर में) (विक्रय / पट्टा विलेख की प्रतियां संलग्न की जाए)।<br><br>ख. स्वामित्व के संबंध में राजस्व कागजात मकान–भूमि के सह–हिस्सेदारों के मामले में शपथ पत्र।<br><br>ग. कमरों की संख्या और प्रत्येक प्रकार के कमरे के लिए क्षेत्रफल वर्गफुट में (सिंगल / डबल / सुइट्स)।<br><br>घ. संलग्न स्नानघरों की संख्याः<br><br>**ड़. निम्नलिखित सुविधाओं के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों का ब्यौरा वर्ग–फुट मेंः**<br><br>(i) लॉबी / प्रतीक्षालयः<br><br>(ii) भोजन–स्थलः<br><br>(iii) पार्किंग सुविधाएं<br><br>**च. अतिरिक्त उपलब्ध सुविधाएं यदि काई हों (अनिवार्य नहीं):**<br>(i) पर्यावरण–अनुकूल सुविधाएंः<br>(ii)दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं<br><br>**छ. अग्निशमन** <u>midj.k@gkbMsa[a]V</u> **आदि के ब्यौरे, यदि कोई होंः** | |
| 7. | **आंतरिक सज्जा सहित भवन की फोटोग्राफ्स (तस्वीरें):**<br>बाहर, कमरे, लाउंज, अतिरिक्त सज्जावट आदि की इकाई की कम से कम दो फोटोग्राफ्स (तस्वीरें)<br>टिप्पणः फोटोग्राफ्स (तस्वीरें) आवेदक द्वारा विभाग के अधिकारिक वेब–पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। | |
| 8. | निम्नलिखित दोनों में से एक प्रस्तुत किया जाएगा.–होमस्टे के लिए प्रस्तावित गृह / भूमि के सह–हिस्सेदार के मामले में, यदि लागू हों, तो सह हिस्सेदारों से शपथ पत्र।<br><br>या<br><br>यदि होम स्टे के लिए प्रस्तावित मकान / भूमि संयुक्त धारण में अवस्थित है, तो सम्बद्ध पटवारी से एक रिपोर्ट अपेक्षित होगी जिसमें ये वर्णित किया जाएगा कि मकान के नीचे की भूमि आवेदक के कबजे में है और कबजे की सीमा संयुक्त धारण में उसके हिस्से के भीतर है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | किसी निकटतम अस्पताल/औषधालय के ब्यौरे (एलोपैथिक और आयुर्वेदिक)। | |
| 10. | क्या जांच–सूची के अनुसार समस्त दस्तावेज संलग्न/अपलोड कर दिए गए हैं, हां/नहीं। | |
| 11. | विनियामक शर्तों की स्वीकृति की सहमति (कृपया विहित प्ररूप–ग में प्रतिष्ठान के स्वामी द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित विहित वचनबद्ध की एक प्रति संलग्न करें)। | |
| 12. | माल और सेवा कर पहचान संख्या डायमंड और गोल्ड होमस्टे प्रवर्ग के लिए आज्ञापक होगी तथा सिल्वर होमस्टे प्रवर्ग के लिए छूट होगी। | |

तारीखः (आवेदक के हस्ताक्षर)

———————

**उपाबंध–II**

**(नियम 4 देखें)**

**होम स्टे के संबंध में रजिस्ट्रीकरण स्तर पर अपेक्षित दस्तावेजों की सूची**

| क्रम संख्या | दस्तावेजों का ब्यौरा | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन (उपाबंध–i) | |
| 2. | विहित अधिकारी द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट | |
| 3. | राजस्व कागजात जैसे कि जमाबंदी, ततीमा | |
| 4. | हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 की धारा 29 के अधीन शपथ पत्र। | |
| 5. | प्ररूप–ग के अनुसार शपथ पत्र के रूप में स्टाम्प पेपर पर स्वामी से वचनबंध। | |
| 6. | सत्यापन/हस्ताक्षर हेतु रजिस्टर [नियम 8 (5) देखें] | |
| 7. | बिल बुक/ होम स्टे पैड में हस्ताक्षर [नियम 8 (6) देखें] | |

## उपाबन्ध–III

**[नियम–5 (3) और नियम 8(3) देखें]**

होम स्टे इकाई के रजिस्ट्रीकरण के लिए जाँच सूची। इस जाँच–सूची में निरीक्षण के समय पर देखी जाने वाली आज्ञापक तथा वांछित विशेषताएँ सम्मिलित हैं।

| क्रम संख्या | अपेक्षा |
|---|---|
| क. आज्ञापक | |
| 1. | उपाबन्ध I के अनुसार आवेदन प्ररूप |
| 2. | उपाबन्ध II के अनुसार दस्तावेजों की सूची |
| 3. | जिन क्षेत्रो में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या बनी हुई है वहाँ नकद संदेय के साथ यू. .पी .आई. नेट, डेबिट / क्रेडिट कार्ड इत्यादि सहित ऑनलाइन संदाय सुविधा की व्यवस्था। |
| 4. | अनुरक्षित और सुसज्जित गृह तथा अतिथि कक्ष परम्परागत / आधुनिक जीवन शैली को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता वाले कालीन / क्षेत्र के गलीचे / टाइल्स या संगमरमर के फर्श, फिटिंग, फर्नीचर इत्यादि। |
| 5. | समस्त कमरे साफ, हवादार, कीट–मुक्त, नमी रहित और बाहरी खिड़की / वेंटिलेशन वाले होने चाहिए। |
| 6. | अच्छी गुणवत्ता वाले वस्त्र एवं बेडिंग के साथ आरामदायक शयन |
| 7. | प्रत्येक कमरा और बाथरूम का न्यूनतम आकार वर्ग फुट में रखने का अनुपालन |
| 8. | अच्छी तरह से बनाया हुआ, धुंआ रहित, स्वच्छ, स्वस्थ्य, गंध रहित, नाशकजीव रहित रसोईघर। |
| 9. | अच्छी गुणवत्ता वाले कटलरी और क्रॉकरी |
| 10. | आर ओ / एक्वा गार्ड / मिनरल वाटर सुविधा की उपलब्धता |
| 11. | नगरपालिका / लागू होने वाली विधियों के अनुसार कचरा निपटान सुविधाएं |
| 12. | अतिथि कक्ष और सार्वजनिक कक्षों में ऊर्जा बचत प्रकाश (सी.एफ.एल. / एल. ई. डी.) |
| 13. | आगंतुक पुस्तिका और फीडबैक सुविधाएं |
| 14. | डॉक्टरों का नाम, पता और टेलिफोन नं0 |
| 15. | विस्मृत या छूटे हुए सामान के मामले में पर्यटकों की सहायता के लिए सुविधा |
| 16. | होम स्टे इकाईयों में मूल अग्नि उपस्कर |
| 17. | विदेशी पर्यटकों के मामले में पासपोर्ट विवरण सहित अतिथि चेक इन और चेक आऊट रिकॉर्ड के लिए रजिस्टर (भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप) का रख–रखाव । |
| 18. | होम स्टे इकाई के सांझा क्षेत्रों सी.सी.टी.वी. कैमरों का स्थापन |

| ख. वांछित | |
|---|---|
| 1. | पर्याप्त सड़क चौड़ाई के साथ पार्किंग |
| 2. | स्नानघर की उपलब्धता–प्रत्येक कमरे के साथ प्रसाधन सामग्री सहित संलग्न प्राईवेट स्नानघर। |
| 3. | शौचालय में एक शीट और ढक्कन, टॉयलेट पेपर होना चाहिए |
| 4. | उचित सीवरेज कनेक्शन के साथ उष्ण एवं शीतल बहते जल की उपलब्धता |
| 5. | जल संरक्षण वाले नल / शॉवर |
| 6. | ताजा और स्वास्थ्यकर भोजन परोसने वाला डाइनिंग क्षेत्र |
| 7. | अतिथि कक्ष में कम से कम चार वस्त्र हैंगर वाली अलमारी |
| 8. | अतिथि कक्ष में अलमारियों या दराज का सामान |
| 9. | अच्छी गुणवत्ता वाली कुर्सियाँ, काम करने की मेज और अन्य आवश्यक फर्नीचर |
| 10. | गृह में वॉशिंग मशीन / ड्रायर या कपड़े धोने / ड्राई क्लीनिंग सेवाओं की व्यवस्था |
| 11. | होम स्टे में रेफ्रिजरेटर |
| 12. | लॉबी क्षेत्र में एक लाउंज या बैठने की व्यवस्था |
| 13. | बंद सार्वजनिक कमरे में हीटिंग और कूलिंग की व्यवस्था |
| 14. | अनुरोध पर सामान सहित सहायता |
| 15. | कक्ष में सुरक्षित रूप से रखने की सुविधाएं |
| 16. | सुरक्षा गार्ड की सुविधाएं |
| 17. | होम स्टे इकाई में हिमाचली हस्तशिल्प और हिमाचली वास्तुकला की प्रोन्नति |
| 18. | होम स्टे इकाईयों में वर्षा जल संचयन प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए |

**टिप्पण.**––उपरोक्त समस्त मदें आज्ञापक नहीं हैं, तथापि, विहित प्राधिकारी निरीक्षण करते समय पर्यटकों को उनके ठहराव के दौरान हुई किसी असुविधा से बचाने हेतु सुकर बनाने के आशय से रजिस्ट्रीकरण के लिए किसी इकाई की सिफारिश करने से पूर्व अपेक्षा का निरीक्षण करेगा।

––––––––––

**हिमाचल प्रदेश सरकार**
**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग**

होम स्टे इकाई के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र
प्ररूप–क [नियम–5(1) देखें]

——————————तक विधिमान्य

संख्या——————————

तारीख——————————

यह प्रमाणित किया जाता है कि—————————— पर्यटन क्षेत्र में स्थित———— के नाम से ज्ञात / संचालित की जानी वाली / किए जा रहे होम स्टे इकाई को श्री————————पुत्र या पुत्री या पत्नी श्रीमती / ————————द्वारा संचालित किया जाना है / किया जा रहा है। उक्त होम स्टे इकाई को स्वत्वधारी / स्वामी / संप्रवर्तक हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन .................. प्रवर्ग के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत किया गया है / किए गए हैं।

| क्रम संख्या | वास सुविधा के ब्यौरे | कक्ष की संख्या | प्रति रात्रि अधिकतम प्रस्तावित कक्ष किराया |
|---|---|---|---|
| 1. | एकल शयन कक्ष (सिंगल बैडरूम) | | |
| 2. | दोहरे शयन कक्ष (डबल बैडरूम) | | |
| 3. | परिवार कमरों का सूइट (फैमिलीसूइट) | | |

**टिप्पण.**——शयनों की कुल संख्या बारह से अधिक नहीं होगी।

तारीख——————————

स्थान—————————— (विहित प्राधिकारी)

——————————

**हिमाचल प्रदेश सरकार**
**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग**

हिमाचल प्रदेश होम स्टे नियम, 2025 के प्रारम्भ की तारीख पर पहले से ही क्रियाशील हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 की धारा 3 (छ) के अधीन यथा परिभाषित विद्यमान इकाई रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण–पत्र प्ररूप–क। [नियम–5(1)देखे]।

विद्यमान रजिस्ट्रीकरण अर्थात् के समापन की तारीख तक विधिमान्य.......................................

संख्या——————————

तारीख——————————

यह प्रमाणित किया जाता है कि————————— पर्यटन क्षेत्र में स्थित——— के नाम से ज्ञात/ संचालित की जानी वाली/ किए जा रहे होम स्टे इकाई को श्री————पुत्र या पुत्री या पत्नी श्रीमती/————द्वारा संचालित किया जाना है/किया जा रहा है। उक्त होम स्टे इकाई को स्वत्वधारी/स्वामी/संप्रवर्तक हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन ........................ प्रवर्ग के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत किया गया है/किए गए है।

| क्रम संख्या | वास सुविधा के ब्यौरे | कक्ष की संख्या | प्रति रात्रि अधिकतम प्रस्तावित कक्ष किराया |
|---|---|---|---|
| 1. | एकल शयन कक्ष (सिंगल बैडरूम) | | |
| 2. | दोहरे शयन कक्ष (डबल बैडरूम) | | |
| 3. | परिवार कमरों का सूइट (फैमिली सूइट) | | |

**टिप्पण.**——शयनों की कुल संख्या बारह से अधिक नहीं होगी।

तारीख————————

स्थान————————

(विहित प्राधिकारी)

————————

**हिमाचल प्रदेश सरकार**
**पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग**

होम स्टे इकाई के नवीकरण का प्रमाण–पत्र

प्ररूप–ख

[नियम–6(1) देखें]

तक विधिमान्य...........................

संख्या————————

तारीख————————

यह प्रमाणित किया जाता है कि————————— पर्यटन क्षेत्र में स्थित——— के नाम से ज्ञात रूप में संचालित की जानी वाली/ किए जा रहे होम स्टे (इकाई) को श्री————पुत्र या पुत्री या पत्नी श्रीमती/————द्वारा संचालित किया जाना है/किया जा रहा है। उक्त होम स्टे इकाई को स्वत्वधारी/स्वामी/कम्पनी हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन .................... प्रवर्ग के अन्तर्गत नवीकृत किया गया है/किए गए हैं।

| क्रम संख्या | वास सुविधा के ब्यौरे | कक्ष की संख्या | प्रति रात्रि अधिकतम प्रस्तावित कक्ष किराया |
|---|---|---|---|
| 1. | एकल शयन कक्ष (सिंगल बैडरूम) | | |
| 2. | दोहरे शयन कक्ष (डबल बैडरूम) | | |
| 3. | परिवार कमरों का सूइट (फैमिली सूइट) | | |

**टिप्पण.**——शयनों की कुल संख्या बारह से अधिक नहीं होगी।

तारीख————————

स्थान————————

(विहित प्राधिकारी)

**प्ररूप ग**

**[(उपाबन्ध–I (13) और उपाबन्ध–II (4) देखें]**

वचनबद्ध प्रपत्र

सेवा में,

विहित प्राधिकारी,
कार्यालय जिला पर्यटन विकास प्राधिकरण,
जिला—————— हिमाचल प्रदेश।

**वचनबद्ध**

मैंने होम स्टे इकाई / प्रतिष्ठापन के अनुमोदन और रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में हिमाचल प्रदेश होम स्टे नियम, 2025 में उल्लिखित समस्त निबन्धन और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद्द्वारा उनका पालन करने के लिए सहमत हूं। उपलब्ध कराई गई जानकारी और दस्तावेज मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही और प्रामाणिक हैं।

मैं यह भी घोषणा करता हूं कि यदि मेरी ओर से विहित प्राधिकारी को गुमराह करने के आशय से कोई मिथ्या कथन या तात्विक तथ्य छिपाया गया है, तो मैं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास और रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2002 के द्वारा और तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन यथा वांछित दांडिक कारवाई के लिए उत्तरदायी हूंगा।

साफ अक्षरों में स्वामी का नाम और हस्ताक्षर

तारीख————————

स्थान—————————

————————

*[Authoritative English text of this Department Notification No. Tsm-F(10)-10/2003-VI, dated 25-06-2025 as required under clause (3) of Article 348 of the Constitution of India].*

**TOURISM & CIVIL AVIATION DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 25th June, 2025*

**No. TSM-F(10)-10/2003-VI.**—WHEREAS, the draft Home Pradesh Home Stay Rules, 2025 were published in the Rajpatra (e-Gazette) Himachal Pradesh dated 14-02-2025 *vide* this department Notification of No. TSM-F(10)-10/2003-V-L, dated 14-02-2025 and published in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh on 17-02-2025 for inviting objection(s) or suggestion (s) from the general public, as required under clause (m) of sub-section (2) of Section 64 of the Himachal Pradesh Tourism Development and Registration Act, 2002 (Act 15 of 2002);

And whereas, suggestions have been received from the general public through Director, Tourism & Civil Aviation in this behalf during the stipulated period and the same have been duly considered and incorporated in the draft rules;

Now, therefore, in exercise of powers conferred by Section 64 of the Act *ibid*, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make the following rules for carrying out the purposes of the aforesaid Act, namely:—

**1. Short title, extent and commencement.—**(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Home Stay Rules, 2025.

(2) These rules shall extend to the whole State of Himachal Pradesh

(3) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh.

**2. Definitions.—**(1) In these rules, unless the context otherwise require:—

(a) 'Act' means the Himachal Pradesh Tourism Development and Registration Act, 2002 (Act No. 15 of 2002);

(b) 'Annexure' means an annexure appended to these rules;

(c) 'Accommodation' means the room accommodation of minimum standard sizes with attached toilet facility reasonably furnished and ready for letting out to the tourists/guests. The minimum standard size for double and single bed room accommodation is 120 Sq. ft. and 100 Sq. ft. respectively and 30 Sq. ft. for bathroom / toilet. And whereas the standard size for double and single bedroom accommodation is 100 Sq. ft. and 80 Sq. ft. respectively and 25 Sq. ft. for bathroom/ toilet in the already constructed dwelling units.

(d) 'Bonafide Himachali' means a person who has permanent home in Himachal Pradesh and includes a person who has been residing in Himachal Pradesh for a period not less than 20 years or a person who has permanent home in Himachal Pradesh but on account of his occupation he is living outside Himachal Pradesh.

(e) 'Categories of Home Stays' means three category of Home Stays as follows:

(i) 'Diamond' category (Room rates higher than Rs. 10,000/- per room per day);
(ii) 'Gold' category (Room rates between Rs. 3,000/- to Rs. 10,000/- per room per day); and
(iii) 'Silver' category (Room rates less than Rs. 3,000/- per room per day).

(f) 'Common areas' mean—

(i) the stair cases, lifts, lift lobbies, fire escapes, common entrances and exit of buildings;
(ii) the common basements, terraces, parks, play areas, open parking and common storage spaces;
(iii) the premises including accommodation for the lodging of staff employed for the management of the property;
(iv) other portion of the property in common use.

(g) 'Form' means a form appended to these rules;

(h) 'Owner' means a person who is recorded as owner in the record of rights of concerned 'estate' (estate as defined under section 4 (5) of the Himachal Pradesh Land Revenue Act, 1954);

(i) 'Planning area' means any area declared to be planning area under section 2 (o) of the Himachal Pradesh Town and Country Planning Act, 1977;

(j) 'Property' means the land, the building, all improvements and structures thereon easements, rights, appurtenances belonging thereto and includes every type of right or interest in land which a person can have to the exclusion of other persons, such as possession, use, enjoyment free from interference, right of disposition, franchises and hereditament;

(k) 'Rural areas' means areas other than the areas in clause (m) of sub rule (1) of rule 2 below;

(l) 'Special Area Development Authority' means an authority constituted under section 67 of the Himachal Pradesh Town and Country Planning Act, 1977; and

(m) 'Urban areas' means areas falling within Municipal Corporation/Municipal Council/Nagar Parishad/Nagar Panchayat as may be notified by the State Government of Himachal Pradesh from time to time and areas falling within 50 meters from the edge of the controlled width of National Highways/Four Lane Highways in the State of Himachal Pradesh.

(2) Words and expressions used in these rules but not defined in these rules shall have the same meaning as assigned to them in the Act.

**3. Procedure to establish and register a Home Stay.**—(1) (i) Any owner of a private house not in dilapidated condition, located in the State, can apply online for registration of Home Stay, through e-Services Portal in the prescribed proforma **(ANNEXURE-I)** to the prescribed Authority under whose jurisdiction the area falls for registration of the Home Stay Unit under these rules made thereunder.

(ii) The prescribed authority before registering such Home Stay units shall ensure through site inspection the location, facilities, surrounding environment, hygiene, cleanliness, security, safety and security of the tourists;

(iii) Home Stay shall include any private house located in urban/rural areas of the State in good condition and easily accessible in the country-side *i.e.* within the Farm House, Orchards, and Tea-Gardens etc. and in case of urban areas shall include independent house etc. within the jurisdiction of the local authority;

(iv) The owner shall provide intimation of his/her Home Stay unit to the urban/rural local body and the local bodies shall maintain a register of Home Stay units registered in their respective jurisdictions; and

(v) The house shall fulfill the minimum requirement of having one or more rooms' accommodation subject to a maximum of six rooms (6 double beds/ 12 single beds) each with attached toilet facility, which shall be made available to the tourists as Home Stay accommodation;

Provided that separate toilet facility for each room may be allowed in the rural areas for registration of Home Stay unit, in case where attached toilet facility is not available;

Provided further that family suite having 4 beds, subject to a maximum of 3 family suites, may be allowed in a Home Stay accommodation. In no case the bed capacity in the Home Stay will cross 12 single beds.

(2) The District Tourism Development Officer/ Assistant Tourism Development Officer (Prescribed Authority) or Inspector (Hotels) or any other official to whom the powers of inspection of Home Stay units are delegated shall inspect the premises being offered and in event of the same having been found suitable at the time of registration of Home Stay unit and subject to fulfillment of all the requirements, the prescribed authority shall register the Home Stay Unit.

(3) Any person operating a Home Stay, if intends to make any changes in the number of rooms to be offered as Home Stay, shall intimate the prescribed authority before doing so and such a unit shall be required to be registered afresh under rule 5 of these rules.

(4) Every application made under sub-rule (1) shall be disposed off within a period of sixty days from the date of receipt of application, failing which the application shall be deemed to have been accepted for registration:

Provided herein that the application for registration is complete in all aspects and shall qualify under the rules prescribed herein. The time period during which the application for registration is under process, for making observations by the prescribed authority or its removal by the applicant and due to unavoidable circumstances etc. shall be excluded from sixty days.

(5) No person shall operate a Home Stay unit unless it is registered in accordance with the provisions of these rules.

(6) (i) The tourism units/ home stay already registered and functional under the Incredible India Bed & Breakfast Establishments/ Incredible India Homestay Establishments scheme of Ministry of Tourism, Government of India or the Himachal Pradesh Home Stay Scheme 2008 shall apply for registration of Home Stay, within a period of 30 days from the publication of these rules in the Official Gazette, H.P., to the prescribed authority under whose jurisdiction the area falls through e-Services Portal in the prescribed proforma (ANNEXURE-I) under these rules and the prescribed authority shall register such Home Stays till the date of expiry of existing registration without levying any registration fee for this period.

(ii) No tourism unit registered under the Incredible India Bed & Breakfast Establishments/ Incredible India Homestay Establishments or the Himachal Pradesh Home Stay Scheme, 2008 shall function further without due registration under these rules;

Provided that the registration of Home Stay units shall be done only for the owners [‘owners’ as defined in Rule 2 (h)]; and preference may be given to bonafide himachalis [‘bonafide himachalis’ as defined in Rule 2 (d)]:

Provided further that if any changes including addition of rooms/ facilities, etc. are carried out by the applicant, then in such case the Home Stay will be required to be registered afresh under rule 5 of these rules.

**4. Documents required with application of registration.**—An application for registration under rule 3 by a person intending to operate a Home Stay Unit, shall be submitted to the prescribed authority alongwith requisite documents, as specified in **ANNEXURE–II** alongwith registration fee as specified in these rules.

